नवभारत टाइम्स

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 27 मार्च 2021 www.delhi.nbt.in

दिल्ली के 98 टीचर्स और प्रिंसिपल राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

सिसोदिया बोले, सामूहिक प्रयासों का परिणाम है दिल्ली का शिक्षा मॉडल

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़े भागीदार...

- सरकारी स्कूलों से 69, प्राइवेट स्कूलों से 18 और नगर निगम के स्कूलों के 11 शिक्षक और प्रिंसिपलों को दिया सम्मान
- उपमुख्यमंत्री ने कहा, कोरोना काल में हमारे शिक्षकों और प्रिंसिपलों ने अविश्वसनीय धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया

उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के जिस शिक्षा मॉडल की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है, इसके पीछे की ताकत हमारे शिक्षक हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली का शिक्षा मॉडल 'टीम एजुकेशन' के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के ऐसे ही 98 शिक्षकों को सरकार ने सम्मानित किया है, जिन्होंने अपनी कर्तव्यनिष्ठा से एक नई मिसाल कायम की है। इस मौके पर शिक्षा निदेशक उदित प्रकाश राय, शिक्षा सलाहकार शैलेंद्र शर्मा भी मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़े भागीदार होते हैं। वे अपने काम से हजारों जिंदगियों को प्रभावित करते हैं। कोरोना महामारी के कारण हमारी शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। स्कूलों के बंद होने के बाद किसी को अंदाजा नहीं था कि टीचिंग-लर्निंग प्रोसेस को कैसे आगे बढ़ाया जाए, लेकिन हमारे शिक्षकों और प्रिंसिपलों ने अविश्वसनीय धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया। हमारे शिक्षकों ने 'लर्निंग नेवर स्टॉप' का संदेश देते हुए सुनिश्चित किया कि कैसे नए माध्यमों और नए प्रयोगों के जरिए अपने छात्रों तक पहुंचकर उनकी पढ़ाई जारी रखी जाए।

सरकारी स्कूलों से 69, प्राइवेट स्कूलों से 18 और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों के 11 शिक्षक और प्रिंसिपलों को राज्य शिक्षक पुरस्कार दिया गया। 11 शिक्षकों और अधिकारियों को सेमी ऑनलाइन शिक्षण गतिविधियों और कोरोना काल में किए गए राहत कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आरपीवीवी सिविल लाइंस से पीजीटी (रसायन विज्ञान) अजय चौधरी और एसकेवी पॉकेट-4, मयूर विहार से अशोषिका भदौरिया पीजीटी (राजनीति विज्ञान) को सम्मानित किया गया। पीतमपुरा वसुधा एनक्लेव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिन्होंने कोरोना काल के दौरान स्कूल में ऑनलाइन क्लासेज में नए प्रयोग किए। सर्वोदय कन्या विद्यालय, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी की अध्यापिका इंदिरा सागर ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में वर्षा जल संचयन और छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने का का काम किया है। कृपा शंकर उपाध्याय (क्षेत्रीय शिक्षा निदेशक) कोरोना के दौरान अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने में आगे रहे हैं। अशोक विहार के स्प्रिंगडेज स्कूल की प्रिंसिपल पूजा गुप्ता और अशोक विहार के प्रर्डेंस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. सी. बी. मिश्रा को भी राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



डिप्टी सीएम ने शुक्रवार को सरकारी के साथ-साथ प्राइवेट स्कूलों के टीचर्स को भी किया सम्मानित